**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**सकारण आदेश**

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–188 / 2025 6012 / पटना, दिनांक–15/5/26

संवेदक Apex Infratel Management Service Pvt. Ltd. (Reg. No. 1230370), Add:- At-Baijalpur Kesho, P.O+P.S- Sonpur, Dist-Saran Bihar Pincode 841101 को कार्य प्रमंडल, सोनपुर के अधीन MR-3054 (Old) योजनान्तर्गत Parsa to Bheldi पथ का निर्माण कार्य एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। संदर्भित पथ का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा पूर्ण किये जाने के उपरान्त पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सोनपुर द्वारा लिखित एवं मौखिक निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सोनपुर द्वारा संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु उचित माध्यम से अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 3744 दिनांक 18.12.2024, पत्रांक 289 दिनांक 21.01.2025 एवं पत्रांक 779 दिनांक 21.02.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में पंचवर्षीय अनुरक्षण से इतर अन्य मामलो का उल्लेख किया गया है तथा मूल आरोप पर जवाब नहीं दिया गया है साथ ही कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सोनुपर द्वारा भी प्रतिवेदित किया गया है कि संवेदक द्वारा संदर्भित पथ का अनुरक्षण कार्य नहीं किया गया है।

इससे स्पष्ट है कि संदर्भित पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किया जाना, संवेदक Apex Infratel Management Service Pvt. Ltd. (Reg. No. 1230370) पूर्णतः दोषी है।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी, समीक्षोपरान्त स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं पाया गया।

अतएव सम्यक समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में Apex Infratel Management Service Pvt. Ltd. (Reg. No. 1230370), Add:- At-Baijalpur Kesho, P.O+P.S- Sonpur, Dist-Saran Bihar Pincode 841101 के निबंधन संख्याः–1230370, PAN No. AAJCA9684J को कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

Sd/- 14/05/2026
(सुधीर कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–188 / 2025 6012 / पटना, दिनांक–15/5/26

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक Apex Infratel Management Service Pvt. Ltd. (Reg. No. 1230370), Add:- At-Baijalpur Kesho, P.O+P.S- Sonpur, Dist-Saran Bihar Pincode 841101 को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 14/05/2026
अभियंता प्रमुख

**P.T.O**

25

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–188 / 2025 6012 / पटना, दिनांक–15/5/26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–188 / 2025 6012 / पटना, दिनांक–15/5/26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

15/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–188 / 2025 6012 / पटना, दिनांक–15/5/26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/05/2026

अभियंता प्रमुख

Website

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–188 / 2025 6012 / पटना, दिनांक–15/5/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

15/05/2026

अभियंता प्रमुख